प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने प्रिंसिपल एवं टीचर को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर 21 अगस्त 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बारां टीम द्वारा बुधवार को कार्यवाही करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कचनारिया जिला बारां में कार्यरत प्रिंसिपल जयवीर सिंह चौधरी एवं अध्यापक बैजनाथ को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी रामस्वरूप मीणा प्रभारी पोषाहार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कचनारिया ने एसीबी में शिकायत दी की स्कूल में बच्चों को वितरित होने वाले पोषाहार के मासिक बिलों को वेरीफाई एवं हस्ताक्षर करने की एवज में हमारे स्कूल प्रिंसिपल द्वारा मुझसे 40 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग की जा रही है एवं 20 हजार रुपए रिश्वत की राशि पूर्व में ले ली गई है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस अधीक्षक कोटा (अतिरिक्त चार्ज) श्री तेजराज सिंह के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया गया आज ट्रैप कार्रवाई के दौरान प्रिंसिपल जयवीर सिंह चौधरी द्वारा 7 हजार रुपए की रिश्वत की राशि अध्यापक वैजनाथ के माध्यम से लेते हुए एसीबी ने गिरफ्तार किया साथ ही 13 हजार रुपए रिश्वत की राशि के रूप में जो स्कूल प्रिंसिपल के नाम स्कूल का बैंक खाता था उसमें जमा थे उन्हें भी लेने की बात कही गई एवं अग्रिम कार्रवाई जारी।